<u>आकाशवाणी मध्यप्रदेश</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक : 14.09.2096 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,

- हिन्दी दिवस पर अमित शाह ने हिन्दी को प्रतिस्पर्धी नहीं, संवाद की कड़ी कहा।
- 'सेवा-संकल्प अभियान' की तैयारियां जारी, मुख्यमंत्री ने की समीक्षा, उज्जैन में 17 सितंबर को 25 लाख से ज्यादा दीप जलाए जाएंगे।
- प्रदेश में उत्साह-उमंग के साथ गणेश उत्सव प्रारंभ, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित जन-प्रतिनिधियों ने स्थानीय कलाकरों से खरीदीं मिट्टी की गणेश प्रतिमा।
- राज्य के पश्चिमी हिस्से में बारिश का जोर, उज्जैन, नीमच सहित 7 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।

**<u>शाह - हिंदी दिवस</u>**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि भारत की संस्कृति और साहित्य कमल की तरह हैं, जिसकी हर क्षेत्रीय भाषा उसकी एक पंखुड़ी को दिखाती है। उन्होंने कहा कि अगर एक भी पंखुड़ी खो जाए, तो पूरे कमल की सुंदरता कम हो जाती है। श्री शाह ने कहा कि सभी क्षेत्रीय भाषाओं को पूरा सम्मान और गरिमा देते हुए हिंदी को केंद्रीय भूमिका निभानी चाहिए। गृह मंत्री ने आज नवी मुंबई में दो दिन के हिंदी दिवस और छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का उद्घाटन किया। गृह मंत्री ने कहा कि भारत में कई भाषाएं और बोलियां हैं, लेकिन भारतीय भावना और देश की आवाज़ एक रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाषाई विविधता

देश की ताकत है और हिंदी अलग-अलग भारतीय भाषाओं के बीच बातचीत का प्रभावशाली पुल बन सकती है, जिससे राष्ट्रीय एकता मज़बूत होगी।

<u>ब्रिक्स नेता</u>

ब्रिक्स नेताओं ने कहा है कि ऊर्जा सुरक्षा, सामाजिक तथा आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और सभी देशों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण आधार है। नई दिल्ली में आयोजित दो दिन के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान सदस्यों देशों ने ऊर्जा बाजारों में स्थिरता सुनिश्चित करके और विभिन्न स्रोतों के जरिए ऊर्जा के निर्बाध प्रवाह को बरकरार रखने तथा महत्वपूर्ण ऊर्जा प्रतिष्ठान को सुरक्षित रखकर ऊर्जा सुरक्षा बढाने की जरूरत पर बल दिया। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगाह किया कि प्रौद्योगिकी और महत्वपूर्ण खनिजों को आर्थिक या राजनीतिक दबाव के साधन के रूप में इस्तेमाल करने से प्रगति में बाधा आ सकती है।

<u>सेवा संकल्प अभियान</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रदेश में भी 17 सितंबर से सेवा संकल्प अभियान शुरू होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान का आयोजन प्रदेश के प्रत्येक ग्राम एवं नगर स्तर पर अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए उत्साहपूर्वक किया जाए। 17 सितंबर को ‘आशीर्वाद का दीया’ कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में शाम 7 बजे एक साथ दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। उज्जैन में भी भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शिप्रा नदी के विभिन्न घाटों और महाकाल महालोक क्षेत्र में 25 लाख से ज्यादा दीप

जलाए जाएंगे। आपको बता दें कि अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के जरिए सेवा, सुशासन और जनकल्याण का संदेश लोगों तक पहुंचाना है।

<u>अभियंता दिवस</u>

अभियंता दिवस के अवसर पर कल लोक निर्माण विभाग द्वारा भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राज्य स्तरीय अभियंता दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। लोक निर्माण से लोक कल्याण की अवधारणा पर आयोजित समारोह में अधोसंरचना निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और उल्लेखनीय योगदान देने वाले अभियंताओं, अधिकारियों, संयुक्त दलों तथा निर्माण एजेंसियों को 'लोक निर्माण पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया पुरस्कार, विश्वकर्मा पुरस्कार, विक्रमादित्य पुरस्कार, रानी दुर्गावती पर्यावरण हितैषी पुरस्कार और राजा भोज पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

<u>गणेश उत्सव</u>

भगवान श्रीगणेश की आराधना का दस दिवसीय पर्व गणेश चतुर्थी के साथ आज से प्रारंभ हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर देशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर संस्कृत में सुभाषितम साझा करते हुए उन्होंने कामना की कि यह पवित्र त्योहार सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करे।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में तो वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बैतूल में स्थानीय कलाकारों से मिट्टी की गणेश प्रतिमा खरीदी। उन्होंने प्रतिमा के लिए 3 हजार रुपए का ऑनलाइन भुगतान किया। श्री

खंडेलवाल ने स्थानीय कलाकारों से प्रतिमा खरीदने को उनकी कला और रोजगार को बढ़ावा देने का माध्यम बताया। वहीं श्री चौहान ने प्रदेशवासियों को गणेश उत्सव की बधाई दी।

<u>गणेश उत्सव प्रदेश</u>

गणेश चतुर्थी पर आज प्रदेश में आस्था और उत्सव का रंग दिखाई दिया। उज्जैन के महाकाल मंदिर से लेकर इंदौर के खजराना और बड़ा गणपति मंदिर, मंदसौर के द्विमुखी चिंताहरण गणपति, सतना, रतलाम, टीकमगढ़, ग्वालियर और बैतूल तक मंदिरों और गणेश पंडालों में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ रही। घरों और सार्वजनिक पंडालों में विधि-विधान से गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई। कई स्थानों पर विशेष पूजन, अभिषेक, महाआरती के आयोजन हुए। उज्जैन के महाकाल मंदिर परिसर स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान गणेश को 5.51 लाख मोदक का भोग लगाया गया। इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में 7 करोड़ के आभूषण से श्रंगार किया गया और सवा लाख मोदक का भोग लगाया गया। मंदसौर के गणपति चौक स्थित द्विमुखी चिंताहरण गणपति मंदिर में करीब 8 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र है। गणेशोत्सव के दौरान यहां 12 दिनों तक विशेष पूजन, हवन और महाआरती के आयोजन होंगे। रतलाम में सुबह से ही गणेशोत्सव का उत्साह दिखाई दिया। ग्वालियर में गणेश प्रतिमाओं की खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़ रही। इस बार मिट्टी की प्रतिमाओं की मांग बढ़ी है।

सतना के सिंधी कैंप स्थित मीरानी कॉलोनी में गणेशोत्सव की शुरुआत हुई। यहां स्थापित होने वाली गणेश प्रतिमा रविवार देर रात जबलपुर से पहुंची। शाजापुर

जिले के बोलाई गांव के करीब 300 वर्ष पुराने सिद्धवीर खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमान जी के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा भी विराजमान है। गणेश चतुर्थी पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सीहोर के गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी के साथ 12 दिवसीय गणेश उत्सव शुरू हुआ। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ आयोजन की शुरुआत की गई।

<u>तीज पर्व</u>

आज हरतालिका तीज पर्व है। इस दिन महिलाए अपने परिवार की सुख-समृद्धि, अखंड सौभाग्य और पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत करती है। वहीं नव युवतियां भी अच्छे घर और वर की कामना के लिए तीज पर्व मनाती हैं। आगरमालवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में हरतालिका तीज पूरी श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। और महिलाएं निराहार उपवास के साथ ही रात भर जागकर बालू रेती से बनाये गये शिवलिंग और पार्वती तथा गणेशजी की पूजा करती हैं।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में मानसून एक बार फिर पश्चिमी हिस्से में सक्रिय हो गया है। कल इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर संभाग के कई इलाकों में बारिश हुई। बड़वानी में नदी-नाले उफान पर आ गए, टीकमगढ़ में बांध के गेट खोलने पड़े। मौसम विभाग ने आज उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, राजगढ़, गुना और श्योपुर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में सक्रिय निम्न दबाव क्षेत्र और ट्रफ के असर से पश्चिमी जिलों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

- सागर में अवैध शराब की घटना से मुरैना में आबकारी विभाग सक्रिय हो गई है, नागरिकों से अवैध शराब की सूचना देने की अपील की है।
- झाबुआ जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 6 के उप निर्वाचन की प्रक्रिया के प्रेक्षण के लिए सेवानिवृत्त आईएएस शेखर वर्मा को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।
- मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने खंडवा जिले के मूंदी स्थित 132 केवी सबस्टेशन में 50 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया है।
- भोपाल में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने 12 और 13 सितंबर को होटल, रेस्टोरेंट और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ विशेष निरीक्षण अभियान चलाया।
- कटनी में औषधि नियमों के उल्लंघन पर 6 मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस निलंबित, 7 अन्य प्रतिष्ठानों में नारकोटिक्स दवाओं के अभिलेखों की जांच।